हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान

अधिकतम 15.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

12 अन्नपूर्णापारा में कैफे में शार्ट सर्किट से लगी आग...



12 नए हिट एंड रन कानून का विरोध, ड्राइवरों का प्रदर्शन...



# फर्जी पुलिस बनकर सायबर फ्राड करने वाले चार युवकों को एमपी के निवाड़ी से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आनलाइन एफआईआर में प्रार्थी का मोबाइल नंबर से आरोपी अपने आपको पुलिस बताकर प्रार्थी से आरोपी को सजा जल्द दिलवाने के नाम पर रूपएं की माँग करते थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने टीम बनाकर मामले की जाँचकर इस मामले में लिप्त मध्यप्रदेश के निवाड़ी जिले के थाना पृथ्वीपुर क्षेत्र के सायबर फ्राड करने वाले चार आरोपियों को दबोचा। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुँचे मनीषा वर्मा, पुष्पा बाई एवं उत्सव जुर्री के द्वारा लिखित आवेदन पेश किया कि मो. नंबर 9285165563, 8349012415, 6265193822, 9009728113, 9753597475 के धारको द्वारा पूर्व में आवेदक को थाना चारामा में पंजीबद्ध अपराध के प्रकरण में पुलिस अधिकारी बनकर फोन कर दूसरे पक्ष को जेल भेजने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा है। पुलिस के उच्च अधिकारी डीआईजी बालाजी राव, एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देश एवं एएसपी अविनाश ठाकुर, एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में थाना चारामा और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर अपराध विवेचना एवं आरोपी पतासाजी करने मध्यप्रदेश के निवाड़ी जिला गए। ओरोपी मोबाईल नंबर के धारकों को पूछताछ करने पर बताया कि गिरोह में मनीष कुशवाहा एवं विजय कुशवाहा मोबाईल सीम की व्यवस्था करते थे। अनीत यादव एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर

## ऑनलाइन एफआईआर से प्रार्थी के नंबर लेकर कर रहे थे सायबर फ्राड

### आरोपियों ने दुर्ग व अन्य जिलों से वसूली रकम

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि जिला दुर्ग के हेमलता भारदी से 20 हजार, बस्तर के तोकन शर्मा से 5 हजार, जिला मनेंद्रगढ़ भरतपुर के गणेश से 5 हजार, दुर्ग के नरेन्द्र सेवते से 2 हजार, बिलासपुर के भोलाशंकर राठौर से 2 हजार रुपए पेटीएम व फोन पे माध्यम से ठगी की। गरियाबंद के अरून दास वैसनव, महासमुंद के भूपेद शर्मा, सरगुजा के कदम बाई से भी पैसों की मांग किया था।



### मध्यप्रदेश से गिरफ्तार आरोपी भेजे गए जेल

सायबर फ्राड में लिप्त आरोपी मध्यप्रदेश के निवाड़ी जिला के थाना पृथ्वीपुर के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी लवकेश यादव पिता पहलवान यादव, ग्राम पृथ्वीपुर निवासी अनीत यादव पिता गौरीशंकर यादव, ग्राम राजापुर निवासी मनीष कुशवाहा पिता बृज किशोर कुशवाहा और ग्राम बिंदुपुरा निवासी विजय कुशवाहा पिता लक्ष्मण कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### घायल बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत गहरीनबांधा निवासी 75 वर्षीय जानकी बाई पति महरूराम का 21 अक्टूबर को जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जिसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### वाहन पलटने से तीन लोगों को आई चोट

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत हिंदूबिनापाल के पहले पुलिया के पास सड़क दुर्घटना में वाहन पलटने से कुछ लोगों को चोटे आई थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे नारायणपुर जिला निवासी 20 वर्षीय सूरज पोटाई पिता प्रमोद पोटाई ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को दोपहर सवा 2 बजे हिन्दुबिनापाल के पहले पुलिया के पास आरोपी नारायणपुर निवासी अजीत नेताम ने वाहन क्रमांक सीजी 04 डीजी 7814 को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण वाहन पलट गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वाहन में बैठे गुलशन पाण्डेय, अनिल नाग व राजकुमार नुरेटी को चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महिला की हुई मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बांगाबारी निवासी 45 वर्षीय सुशीला शोरी पति लाल शोरी का ईलाज के दौरान 14 नवंबर को शाम 5 बजें जिला अस्पताल कांकेर में मौत हो गई। कोतवाली में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी नहरपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### टिन शेड व यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए 9 लाख स्वीकृत

**कांकेर।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त वित्तीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मण्डावी की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा 9 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भिरौद के ग्राम कापसपोटी में मंच के पास टिन शेड निर्माण के लिए 3 लाख तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्राम गोविन्दपुर में अटल चौक के पास यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 6 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

### फांसी लगाने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 75 भवानीपुर निवासी 26 वर्षीय कमलेश सरकार पिता गोविंद ने 25 दिसंबर को सुबह साढ़े 11 बजे फांसी लगाने से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर के निजी अस्पताल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आंदोलन का असर: जिले के सात पेट्रोल पंप ड्राई, आज रात आ सकता है पेट्रोल व डीजल

# हिट एंड रन के नए कानून के विरोध के दूसरे दिन भी ट्रक व लोकल बसों के थमे रहे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने विरोध करने वालों को दी समझाइश
- सब्जी व फल की आवक नहीं होने से बढ़े दाम, आम जनता प्रभावित

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एंड रन के नए कानून को लेकर ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स द्वारा दूसरे दिन भी विरोध जताया। दूसरे दिन चालक इस मार्ग में चलने वाली बसों को बंद करवाने के लिए बस स्टैंड में नजर आएं। दूसरे दिन दोपहर को 12 बजे तक इक्का दुक्का बसें नजर आईं। दोपहर बाद पूरी तरह से बसों के पहिए थमे रहे। विरोध करने वालों की कलेक्टर एवं एसपी ने कानून के बारे में समझाइश भी दी।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने तीन दिनों तक ट्रक व बसों के पहिए जाम की घोषणा किया है, जिसके तहत पहले दिन 1 जनवरी 2024 को कांकेर जिला की सड़कों पर ट्रक दिनभर से नजर नहीं आएं, वहीं लोकल बसों के पहिए थमे रहे। रायपुर से जगदलपुर मार्ग में चलने वाली बसें चलती रही। दूसरे दिन 2 जनवरी को स्थानीय बसों के चालकों ने विरोध जताते हुए रायपुर व जगदलपुर से आने वाली बसों को रोकना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी उनके मालिकों तक पहुंचने पर दूसरे दिन दोपहर बाद रायपुर से जगदलपुर मार्ग में चलने वाली बसें नहीं चली।

ट्रकों का आना जाना पूरी तरह से बंद है। हिट एंड रन के नए कानून को लेकर विरोध करने वालों का यहीं कहना है कि इस कानून के चलते इंडियन पीनल कोड 2013 में हुए संशोधन के बाद एक्सीडेंट होने पर ड्राईवर को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माना का प्रावधान किया गया है, ऐसा होने पर ड्राइवर नहीं मिलेगा और इस व्यवसाय में संकट गहराने लगेगा।





### सब्जी व फल नहीं पहुँच पा रहे कांकेर

सब्जी व फल के व्यवसायियों ने बताया कि रायपुर से किसी भी तरह का सामान कांकेर नहीं पहुँच पा रहा है, यहाँ तक प्रतिदिन आने वाली सब्जी व फलों की आवक भी नहीं हो पाई। सब्जी व फल नहीं आने के कारण अचानक दाम में बढ़ोत्तरी हो गई है। व्यवसायियों का कहना है कि रायपुर मार्केट में भी सामान नहीं पहुँच पा रहा है, क्योकि ट्रकों के पहिए पूरी तरह से थमे हुए है।

### पेट्रोल पंपों में लग रही वाहनों की लंबी-लंबी कतारें

बंद की खबर फैलने के बाद पेट्रोल व डीजल लेने के लिए लोगों सुबह से पेट्रोल पंप पहुँच रहे है और भीड़ लगी हुई है। खाद्य विभाग के अनुसार जिले के सात पेट्रोल पंप जिला मुख्यालय में 3, सरोना में 2, चारामा में 01 और भानुप्रतापपुर में 01 ड्राई है। आज रात इन पेट्रोल पंप में पेट्रोल व डीजल पहुँच जाएगा। साल के पहले दिन 1 जनवरी को 11 वाहन पेट्रोल व डीजल लेकर पहुँचे थे। वहीं दूसरे दिन 2 जनवरी को रात तक 10 वाहन पेट्रोल व डीजल लेकर पहुँच रहे है। पेट्रोल व डीजल की किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है।

### कलेक्टर एवं एसपी ने दी समझाइश

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने विरोध करने वालों को जानकारी दिया कि किसी भी चालक के द्वारा एक्सीडेंट होने पर चालक इसकी जानकारी थाना में दे देता है तो जमानती धारा के तहत कार्रवाई होगी। वहीं चालक एक्सीडेंट करके भाग जाता है और किसी को जानकारी नहीं देता है, ऐसी स्थिति में ही अजमानतीय धारा के तहत कार्रवाई होगी। अफवाह के शिकार न हो, हिट एवं रन के मामले में जिसमें थाने में खबर नहीं करते, तभी 10 साल की सजा का प्रावधान है।

# बारदाना के अभाव में हाटकोंदल लेंपस में खरीदी प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल में खरीफ फसल विवरण वर्ष 2023.24 धान खरीदी समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर 2023 से प्रारंभ है। वर्तमान में खरीदी चल रही है जिसके तहत बारदाना के अभाव में किसान भटक रहे हैं।

ग्राम पंचायत हाटकोंदल के किसान राजू सिघोडिया, बुधवार सिंह ठाकुर, राकेश सलाम, दुखू राम पटेल, धनीराम नायक, छन्नू पटेल, गायत्री बाई नायक ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ है, जिसके तहत बारदाना नहीं मिल रहा है जिससे किसान परेशान है। धान खरीदी केंद्र हाटकोंदल में कुल 11 गांव की किसान धान बेचते हैं, जिसमें कुल पंजीकृत किसान 982 में से अभी तक 445 किसानों ने धान बेचा है। वहीं अब तक 500 किसान बाकी रह गए हैं। धान खरीदी का समय 20 दिन शेष बच गया है, किसानों ने बरदाना व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में हाटकोंदल धान खरीदी केंद्र प्रभारी हेमलाल सलाम ने बताया है कि बारदाना की मांग पत्र डीएमओ कांकेर को अवगत करा दी गई है जल्दी बरादाना उपलब्ध होने की बात कही गई है।

# मेडिकल स्टोर व्यवसायी के सूने मकान का ताला तोड़कर एक लाख की चोरी

**कांकेर।** धनेलीकन्हार में मेडिकल स्टोर व्यवसायी के सूने मकान में 31 दिसंबर को अज्ञात चोर ने मकान के पीछे के दरवाजा में लगे ऑल ड्राफ को तोड़कर घर में घुसे और आलमारी के लॉंक को तोड़कर उसमें रखे 84 हजार के जेवरात व नगदी 15 हजार की चोरी हो गई। मेडिकल स्टोर व्यवसायी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कोरर थाना में चोरी की घटना की जानकारी देने पहुँचे धनेलीकन्हार निवासी मनोज गंगबेर ने पुलिस को बताया कि धनेलीकन्हार में मेरा मेडिकल स्टोर एवं मकान है एवं कांकेर में कार का वर्कशाप की दुकान है। मेरा दोनो जगह आना जाना रहता है और 31 दिसंबर को परिवार के साथ मै कांकेर के घर में रूके थे। ग्राम धनेलीकन्हार के घर नही आने पर घर की काम करने वाली रानू उर्फ जागेश्वरी विश्वकर्मा व उनकी मां रात्रि में सोती थी। 31 जनवरी की रात को घर में काम करने वाली रानू उर्फ जागेश्वरी विश्वकर्मा व उनकी मां सोने के लिए घर में नही आयी थी सुबह मेरे घर की काम करने वाली रानू विश्वकर्मा घर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### एक साल पहले हुई थी चोरी

धनेलीकन्हार में एक साल पहले मेडिकल स्टोर के पास नर्स के मकान में चोरी हुई थी। नर्स ने हो हल्ला करके चोरी करने वाले चोर को दबोच लिया था और इसकी जानकारी कोरर पुलिस को दिया गया था। कोरर थाना के तत्कालीन पुलिस के अमले ने कार्रवाई करने के बजाए समझौता करवाते हुए चोर को छोड़ दिया था। धनेलीकन्हार के लोगों का कहना है कि उस दिन कड़ी कार्यवाही के बजाए चोर को छोड़ने वालों पर कार्यवाही होना चाहिए। ग्रामीणों ने माँग किया है कि चोर का जल्द पता लगाकर कार्यवाही किया जाए।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट में मारपीट, दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत जिला पंचायत के पास पुरानी रंजिश के चलते दो गुट में मारपीट हो गई। मारपीट करने वाले दोनों गुटों ने कोतवाली में एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।



कोतवाली में शिकायत करने पहुंचे एमजी वार्ड कांकेर निवासी 21 वर्षीय करन पटेल पिता नरेंद्र पटेल ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी की रात साढ़े 9 बजे अन्नपूर्णापारा टिंकू के पास आरोपी एमजी वार्ड कांकेर निवासी सागर सोनी व उनके अन्य दोस्तो ने मिलकर मारपीट किया है।

गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया है, मारपीट करने से चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दूसरे पक्ष से शिकायत करने कोतवाली पहुंचे सुभाष वार्ड निवासी 20 वर्षीय सागर सोनी पिता सुभाष सोनी ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी कि रात साढ़े 9 बजें आरोपी टिंकू मेश्राम व उसके अन्य साथियों ने मिलकर पुरानी बातो के चलते वाद-विवाद किया और गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। शिकायत कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# गाड़ी बनाने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली थानांतर्गत कलेक्टर जाने वाले रोड में 1 जनवरी की शाम सवा 8 बजें गाड़ी बनाने की बात को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई। मारपीट के बाद दोनो पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ गाली देने, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो पक्षो की बातो को सुनकर मामला दर्ज कर लिया है।

शीतलापारा कांकेर निवासी 24 वर्षीय रोहित सारथी पिता स्व. संतोष सारथी ने बताया कि ड्रायवरी का काम करता हूं। 1 जनवरी को शाम करीबन सवा 8 बजे कलेक्ट्रोरेट की ओर घूमने के लिए जा रहा था। कार दुकान के पास पहुंचा था कि दुकान के सामने अफजल हुसैन और उसके दोस्त एक लड़के के साथ मारपीट कर रहे थे, जिसको मै छुड़ाने के लिए गया। आरोपी अफजल हुसैन और उसके दोस्त ने कहा कि तू कौन होता है, छुड़ाने वाला कहते हुए गाली गलौच करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के राड से हमला कर दिया, जिससे सिर व हाथ



में चोट आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दूसरे पक्ष से धमतरी जिला के रिसाईपारा निवासी 19 वर्षीय अफजल हुसैन पिता अल्ताफ ने पुलिस को बताया कि वर्तमान मे एमजी वार्ड कांकेर मे रहकर कार दुकान में काम करता हूँ। मैं 1 जनवरी को मोहम्मद नासिर की गाड़ी बनने के लिए दुकान में दोपहर 3 बजे आया था। उस समय खाना खाने का टाईम होने के कारण खाना खाने चले गए। कुछ देर के बाद खाना खाकर वापिस आए तो देखे कि नासीर का ड्रायवर गाड़ी को लेकर चला गया था। शाम करीबन सवा 8 बजे मोहम्मद नासिर, रोहित और अन्य लोगो के साथ आए और दुकान में आकर गाली गलौज करने लगा। गाड़ी को बनाने से मना किया है, करके ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सुरक्षा देकर अंदरूनी इलाकों में सड़क का निर्माण कराया गया

# पुलिस की नक्सलियों से 2023 में हुई नौ मुठभेड़, आठ हथियार व तीन नक्सली शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ग्राम हेथले में बीएसएफ का नया कैंप किया गया स्थापित

साल 2023 में पुलिस की नक्सलियों से नौ बार मुठभेड़ हुई जिसमें पुलिस को तीन नक्सलियों के शव और आठ हथियार रिकवर करने में सफलता मिली। मारे गए तीनों नक्सली इनामी थे। वहीं हथियार में एक एके 47, एक इंसास और दो आटोमेटिक हथियार है। इसके अलावा पुलिस के सहयोग से तुसकाल से किसकोड़ो, डुट्टा से चिलपरस सड़क बन सकी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक बालाजी राव एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने





मीडिया से रूबरू होते हुए साल 2023 में हुई घटनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कहा कि वर्ष 2023 में ग्राम मेण्ड्रा एवं ग्राम हेथले में बीएसएफ का नवीन कैंप स्थापित किया गया। नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्र में सुरक्षा देकर थाना आमाबेड़ा क्षेत्र क्षेत्रांतर्गत ग्राम तुसकाल से किसकोड़ो के मध्य 25.9 किमी. और थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुट्टा से चिलपरस के मध्य 3.8 किमी. निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। इसके अलावा ग्राम कामतेड़ा मेढ़की नदी एवं थाना परतापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटगांव बालेर नदी में दो उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया।

ग्राम गोमे में 2 पुरुष नक्सली एवं ग्राम बिनागुण्डा में 1 महिला नक्सली सहित कुल 03 ईनामी नक्सली मारे गए। गोमे में 1 इंसास रायफल एवं ग्राम माड़ पखांजूर में 1 एके 47 सहित 02 आटोमेटिक हथियार बरामद किया गया। इसके अलावा इस वर्ष 45 नक्सली को गिरफ्तार करने, 29 नग बम को बरामद करने में सफलता मिली है। इस साल मुठभेड़ में दो जवान भी शहीद हुए है और इस साल 30 नक्सली अपराध घटित हुए है वहीं 2022 में 31 नक्सली अपराध हुए थे।

### 6 नक्सलियों ने किया समर्पण

नक्सलियों के विरुद्ध 2023 में चलाए गए नक्सल उन्मूलन अभियान एवं शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के खोखली विचारधारा, उनके शोषण, अत्याचार एवं हिंसा से तंग आकर नकसली संतु माड़वी परतापुर एरिया कमेटी के प्लाटून नम्बर-05 के सेक्शन ए' का डिप्टी कमांडर ईनामी 03 लाख, बंदन दर्रो उर्फ जीवन उर्फ सागर बरगढ़, बलांगीर, महासमुंद डिवीजन अंतर्गत महासमुन्द पीपीसीएम ईनामी 05 लाख रुपए, सहित कुल 06 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया है।

### हत्या व पास्को एक्ट के मामले बढ़े

भारतीय दंड विधान के अंतर्गत विगत वर्ष से इस वर्ष की तुलना की जाए तो 2022 में 22 हत्या हुई थी जो इस वर्ष 2023 में बढ़कर 31 हो गई। पास्को एक्ट के 2022 में 66 वहीं 2023 में 69 मामले, चोरी के मामले दोनो वर्ष 64-64 रहे, नकबजनी, लूट, डकैती, अपहरण, बलात्कार, हत्या के प्रयास के मामले में कमी आई है। एनडीपीएसएक्ट के मामले में 2022 में 7 वहीं 2023 में 13 प्रकरण सामने आए।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### ठंड के मौसम में स्कूल के संचालन समय में बदलाव की मांग

**चारामा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन चारामा की बैठक जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें ठंड के मौसम में छात्रों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए समय में बदलाव करने की मांग की। इसके अलावा स्थानीय समस्या सर्विस बुक संधारण, गृह भाड़ा भत्ता की एरियस राशि का भुगतान, सेवा पुस्तिका के द्वितीय प्रति का संधारण, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय परामर्शदात्री का बैठक, विभिन्न एरियस राशि भुगतान, आत्मानंद स्कूल को मूल शाला के नाम से संचालित कर समस्त शालाओं में समस्त सुविधाएं प्रदान किया जाए और प्रतिनियुक्ति को बंद किया जाना चाहिए। बैठक परिचर्चा में ब्लॉक अध्यक्ष बोधन साहू, जिला पदाधिकारी पुरूषोत्तम सोनवंशी, जिला सदस्य मनीष तिवारी, प्रवक्ता मिथलेशकर शर्मा, उपाध्यक्ष चिंतामनी यादव, सचिव धर्मेंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नीलू रजक, महामंत्री हरिराम सौंदर्य शामिल रहे।

### पलारी में सतनामी समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम पलारी में गुरु बाबा घासीदास के पावन महीना दिसंबर के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को सतनामी समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कवि लिकेश धृतलहरे ने कहा कि हमें सतनामी समाज पर गर्व है। हमें गर्व है कि हम सतनामी जाति में पैदा हुए। आयोजित कार्यक्रम में कवि लिकेश धृतलहरे ने कहा कि हमे अपने गुरु घासीदास बाबा पर गर्व है। हमारे गुरु ने आडम्बर, छुआछूत, मूर्तिपूजा, नशापान, मांसाहार आदि का पुरजोर विरोध किया था और गुरूदेव के बताए इन्हीं मार्ग का हम अनुसरण करते हैं। सतनामी एक जाति ही नहीं एक स्वतंत्र विचारधारा है जो सतत सत्य के मार्ग पर चलते रहने का संदेश देती है। आदमी किसी भी धर्म, संप्रदाय अथवा वर्ग का क्यों ही न हो जो सत्य के मार्ग पर चले वही सतनामी है। आयोजित कार्यक्रम में पंथी नृत्य, जोड़ा जैतखाम में झंडा चढ़ाना, सतनाम शोभायात्रा रैली एवं चैका कीर्तन शामिल था। कार्यक्रम में राजू बघेल, उमा बघेल, लोकेश धृतलहरे, वंदना बघेल, साधना बघेल, प्रवीण बघेल, रागिनी बघेल, सुकन्या बाई, बिंझवारिन बाई, नरेन्द्र, बिरेंद्र बघेल एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में शिक्षक गौतम की मौत

**कोण्डागांव।** वर्ष 2024 के प्रथम दिन ही कोण्डागाव के गौतम परिवार पर टूटा आफत का पहाड़। कोण्डागांव नहरपारा निवासी शिक्षक बल्लू सिंह गौतम अपने स्वयं के मोटर साइकल से जगदलपुर से इलाज कराकर कोण्डागांव आते वक्त लगभग शाम 7.30 बजे घोडागांव के पास बोलेरो वाहन से दुर्घटना ग्रस्त हो गए। तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कोण्डागांव से जगदलपुर की ओर जा रही वाहन ने जोरदार ठोकर मारा, जिसके कारण शिक्षक गौतम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घटना के बाद कोण्डागांव पुलिस जांच में जुट गई। हंसमुख स्वभाव व कर्मठ शिक्षक की मौत पर पूरे क्षेत्र व शिक्षा परिवार में शोक की लहर है।

# सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति को बेहतर करने में शिक्षा का सर्वाधिक योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए हमर लक्ष्य अभियान के तहत 16 हाई व 11 हायर सेकेंडरी विद्यालय के गणित के 27, भौतिकी के 11, रसायन के 11, विज्ञान, जिवविज्ञान के 27 एवं अंग्रेजी के ब्याख्याताओ की एक दिवस कार्यशाला खंड स्रोत कार्यालय के बैठक कक्ष में दो पली में आयोजित की गई।

कार्यशाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति को बेहतर करने में शिक्षा का सर्वाधिक योगदान होता है। विद्यार्थियों के भविष्य को गढ़ने में शिक्षकों की बड़ी भूमिका होती है, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रतिदिन प्रेरित करें। विद्यार्थियों की अनुपस्थिति कम से कम हो यह सुनिश्चित की जाए। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी व संजय वस्त्रकार ब्याख्याता के द्वारा विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम की समीक्षा विद्यालयवार की गई, इसके पश्चात अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा व उसकी समीक्षा करते हुए संभावित मैरिट सूची व विद्यालय में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कार्य योजना की चर्चा विषय नोडल द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए हुई एक दिवसीय कार्यशाला



#### बेहतर परिणाम लाने दिए टिप्स

भौतिकी पर सीमा चौधरी, तपस्वनी दलाई, गणित पर भोजराम वर्मा, राजमाला देवनाथ, रसायन शास्त्र पर मंजू ध्रुव मरकाम, विज्ञान व जीवविज्ञान पर शिवकुमार मडावी, अंग्रेजी पर श्रीधर दास, तृप्ति गजभिए के द्वारा संभावनाओं जैसे हम बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए क्रमवार, लेखन कौशल, 50 दिन की क्रमबद्ध योजना, ब्लूप्रिंट आधारित पाठ्यक्रम को सरल से कठिन की ओर जिससे धीरे सिखने वाले, माध्यम गति से सीखने वाले व तेज गति से सीखने वाले विद्यार्थियो को लाभ हो वही चुनौतीयों जैसे विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति स्व अध्ययन आदि पर आकर्षक व रोचक बाते रखी गई। कक्षा 10वीं -12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने व अधिक से अधिक बच्चों को मेरिट में स्थान दिलाने के लिए स्कूलों में शैक्षणिक वातावरण बेहतर करने के लिए ब्याख्याताओ के बीच चर्चा किया गया।

### 18 हितग्राहियों को उज्वला कार्ड, चूल्हा एवं सिलेंडर का वितरण

# हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं पर किया चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




विकासखण्ड दुर्गुकोंदल ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत ग्राम पंचायत बरहेली और दमकसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं के बारे में जनता के साथ रूबरू होकर उनसे चर्चा की।

हमारा संकल्प विकसित भारत ग्राम पंचायत बरहेली और दमकसा में जनपद पंचायत अध्यक्ष संतों दुग्गा के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ, जिसमें केंद्र एवं राज्य की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, किसान सम्मान निधि, आवास योजना, सुकन्या योजना, मातृ वंदन योजना एवं आयुष्मान भारत योजना जैसे अन्य योजनाओं शामिल है। केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम सें सरकार की योजना सें किस प्रकार लाभ प्राप्त लाभार्थियों ने ग्रामीणों को अवगत कराया गया। ग्राम पंचायत बरहेली में संकल्प भारत विकसित भारत शिविर में प्रधानमंत्री उज्वला योजना में पंजीयन कराकर 18 हितग्राहियों को उज्वला कार्ड, चूल्हा एवं सिलेंडर और स्कूली बच्चों को कॉपी पेन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, सांसद प्रतिनिधि विजय पटेल, शकुंतला नरेटी उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, भाजयुमो महामंत्री विकास राजु नायक, राहुल राय प्रशि. प्र. भाजयुमो, फूलसिंह मंडावी, इसु जनक आरदे महामंत्री भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल, ठाकुर राम दर्रो सरपंच ग्राम पंचायत बरहेली, नेमचंद दर्रो, मिडिया प्रभारी युवा मोर्चा, धरम दुग्गा सरपंच ग्राम पंचायत दमकसा, ललित दुग्गा, शिवन नेताम, जनपद पंचायत के अधिकारी, वन विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत के सचिव एवं ग्राम पंचायत बरहेली और दमकसा के ग्रामीण उपस्थित हुए और योजनाओं की जानकारी लिया।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न प्रकरणों की प्रगति की कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने समीक्षा किया। कलेक्टर ने जिले के सभी तहसीलों में राजस्व मामलों के लंबित प्रकरणों की त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व मामलों के निराकरण में विलंब के कारण किसी भी नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। आप सभी जनहित को ध्यान में रहते हुए कार्य करें और लंबित राजस्व प्रकरणों पर आवश्यक जांच एवं कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, तहसील न्यायालय, व्यपवर्तन, अभिलेख दुरूस्ती, भू-अर्जन, डायवर्सन एवं राजस्व वसूली सहित राजस्व विभाग के अन्य प्रकरणों के प्रगति की भी जानकारी ली। इस अवसर पर एडीएम एस अहिरवार, बीएस उइके, संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा एवं आस्था राजपूत सहित सभी अनुविभाग के एसडीएम तथा तहसीलदार उपस्थित रहे।

# निर्वाचन कार्य के दौरान मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 79 अंतागढ़ अजजा अंतर्गत मतदान केन्द्र रेंगावाही में हुए आईईडी बम ब्लास्ट में आरक्षक प्रकाश चन्द्र शियाल गंभीर रूप से घायल होने तथा ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर शहीद आरक्षक के परिवार के वैध उत्तराधिकारी को छत्तीसगढ़ राज्य अनुग्रह भुगतान नियम 2009 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला की अनुशंसा पर अनुग्रह प्रतिकर की राशि 30 लाख रुपए भुगतान किया गया। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर अजजा के मतदान केन्द्र सुरूंगदोह में मतदान कार्य सम्पन्न कराने के बाद सामग्री वापसी के दौरान मतदान अधिकारी क्रमांक 01 प्राचार्य नारायण विश्वास के स्वास्थ्य खराब होने एवं रायपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंसा पर परिवार के वैध उत्तराधिकारी को अनुग्रह प्रतिकर की राशि 15 लाख रूपए भुगतान किया गया।

## संस्था के सदस्यों को मिलकर आगे बढ़ने के लिए एकजुटता का दिया संदेश

**चारामा।** सहभागी समाजसेवी संस्था ने अपना वार्षिक कार्यक्रम सहभागी समागम का आयोजन 1 जनवरी को सहभागी प्रशिक्षण केन्द्र में किया, जिसमें संस्था के सदस्यों और समर्थकों की भूमिका रही। संस्था के द्वारा आयोजन के दौरान खेल के माध्यम से क्षमता निर्माण कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, सम्मेलन, और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में आयोजित कर प्रतियोगिताओं ने सभी को एक साथ आने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके बाद मेगा वाटरशेड टीम, टीआई टीम कांकेर, धमतरी, जल जीवन मिशन टीम एवं एफआरए टीम ने वर्षभर प्रगति का प्रस्तुतिकरण दिया। इस समागम ने संस्था के सदस्यों को मिलकर आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत एकजुटता का संदेश दिया और समाज की सेवा में नए दिशा निर्देश स्थापित किए। कार्यक्रम में मनोज कुमार, नलिनीकांत, दीपक कुमार, अरनब, हेमंत देवांगन, शुभम, सृजन एवं सहभागी समाज सेवी संस्था के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर बच्चों को सुनाई वीर बालकों की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया। बच्चों में प्रतियोगिता की भावना प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेधावी बच्चों का सम्मान किया। संकुलस्तरीय कबाड से जुगाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले नूतन, राखी उर्वशी राधिका एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले साहिल व प्रीतम को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

#### रंगारंग कार्यक्रम ने मोहा दर्शकों का मन

इस अवसर पर बच्चों ने शाला की प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे भरपूर सराहना मिली। साथ ही वीर बालक साहबजादों की वीरता की कहानी से बच्चों को परिचित कराया। बच्चों के लिए वनभोज का भी आयोजन किया गया। समरोह को सफल बनाने में स्मिता नेताम व स्वसहायता समूह की महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 14 दिवसीय क्रिकेट समापन में मुख्य अतिथि बन पहुंचे मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव के पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम को राजागांव मे आयोजित 14 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर आयोजक मंडल व युवा खिलाडियों ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

मोहन मरकाम ने आमंत्रण स्वीकार कर क्रिकेट समापन मे पहुंच खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रगान के साथ फाइनल मैच का शुभारम्भ किया और कहा खेल में हार जीत लगा रहता है। हार अगली जीत के लिए प्रेरणा देती है। विजयी टीम को बहुत बहुत बधाई। खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए। क्रिकेट समापन कार्यक्रम मे मोहन मरकाम के साथ दशरथ नेताम, बुधराम नेताम, दुकारू मंडावी, धीरपाल दास ,जगदेव कोर्राम, समलू पोयाम ,लखन पोयाम, गणेश नेताम, मुंगली बाई, कोर्राम चंदर सिंग कोर्राम शामिल रहे।

# फ़रसगांव की टीम ने खिताब पर किया कब्जा



**फ़रसगाव।** ब्लॉक के ग्राम चिचाड़ी में युवा संगठन द्वारा क्रिकेट क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका समापन 02 जनवरी मंगलवार को किया गया। अंतिम फाइनल मैच फ़रसगांव वार्ड 03 इलेवन और चिचाड़ी राज क्लब इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ़रसगांव की टीम ने 8 ओवरों में 151 रन बनाए जिसमे मनीष बघेल ने 19 गेंदों में 55 रन, शशिकांत टांडिया ने 13 गेंदों में 57 रन, विप्लव घोष ने 4 गेंदों में 14 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिचाडी की टीम लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाई और मैच हार गई। इस तरह फ़रसगांव वार्ड क्रमांक 03 इलेवन ने किताब पर कब्जा किया। आयोजक समिति के द्वारा विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए नगद राशि पर ट्रॉफी दिया गया और उपविजेता टीम को 11111 रुपए और ट्रॉफी दिया गया। वही फ़रसगांव के अपडेट मेंस वेयर के संचालक द्वारा खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बेस्टमेन इन तीनों को विप्लव घोष को दिया गया ।

## पेज 9 के शेष

### फर्जी पुलिस बनकर सायबर...

लवकेश यादव दोनों छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य के पुलिस पोर्टल को खोलकर वहाँ के दर्ज हुए प्रकरण में दिए गए प्रार्थियों के मोबाइल नम्बर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी बनकर उनके प्रकरण में कार्रवाई के नाम पर पैसों की मांग करते थे। आरोपियों द्वारा मोबाइल से बात कर पेटीएम, फोन पे के माध्यम से पैसों की मांग कर आपस में बांटना बताया। आरोपियों से 2 मोबाइल, 1 एटीएम कार्ड और 5700 रुपए नकद जब्त किया गया। प्रकरण में उपपुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता, सउनि प्रदीप यादव, आरक्षक ओमनारायण सिन्हा, निलेश विश्वकर्मा, रामरतन निषाद का योगदान रहा।

### फांसी लगाने से ...

के वार्ड ब्वाँय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिस अस्पताल में लाया गया था। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मेडिकल स्टोर व्यवसायी...

में झाडू पोछा करने के लिए आई तो कमरे के अंदर का सामान बिखरा हुआ था और आलमारी का लाक टूटा हुआ था। घर के पीछे की दरवाजा में लगे ऑल ड्राफ टूटा हुआ था। फोन से जानकारी मिली तो कांकेर से धनेलीकन्हार जाकर देखा कि आलमारी का ताला टूटा हुआ व सामान बिखरा हुआ था। किसी अज्ञात चोर द्वारा घर में रखे सामान चांदी का पाजेब 01 नग 25 तोला कीमत करीबन15,000 रुपए, चादी का कर्धन 01 नग 15 तोला कीमत करीबन 7,000 रूपएं, चादी का पायल 02 नग 07 तोला कीमत करीबन 4,000 रूपएं,सोना का लॉकेट 01 नग 02 ग्राम कीमत करीबन 12,000 रूपएं, कान की सोने का लॉकेट 06 ग्राम कीमत करीबन 24,000 रूपएं, टूटी हुई पायल 02 जोडी करीबन15 ग्राम कीमत करीबन 5,000 रूपएं, कैमरा डीवीआर बाक्स 01 नग कीमत करीबन 5,000 रूपएं, चाँदी का सिक्का 04 नग कीमती करीबन 12,000 रूपएं और अलग अलग पर्स एवं आलमारी में रखा नगदी रकम करीबन 15,000 रुपए कुल अनुमानित जुमला रकम 99 हजार रुपए की अज्ञात चोर आलमारी में रखे छोटा बैग एवं पर्स में रखे उक्त गहने का बिल एवं अन्य रसीद को चोरी कर ले गया है।

### गाड़ी बनाने की ...

मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मारपीट को देखकर मेरा भाई रिजवान रजा बीच बचाव करने आया तो उसको भी जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मो. नासिर, रोहित और उनके अन्य साथी ने हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मारपीट से चेहरा, हाथ, छाती और मेरे भाई रिजवान रजा के कंधा, पेट में चोट आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फौज में सेवा करके मिली आत्मिक शांति व आनंद

# सेवा पूरी करके गांव पहुचे फौजी हीरा सिहं का हुआ जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आज भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कोर से 19 वर्ष देश की सेवा करने के पश्चात सेवानिवृत्त होकर नायक हीरा सिंह कोर्राम का दहीकोंगा पहुंचने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सदस्यों, परिवारजन, मित्रगण और भाखरा गांव के निवासियों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। रिटायर्ड फौजी के दहीकोंगा चॉक पहुंचने पर आतिशबाजी के साथ उनके परिवारजन, संगठन के सदस्यों, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहीकोंगा के समस्त शिक्षक गण एवं स्कूली बच्चों के द्वारा तिलक आरती उतारकर और पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय जवान जय किसान के नारों से पूरा दहीकोंगा चॉक गूंज उठा।

#### डीजे की धुन पर निकाला स्वागत जुलूस

इसके बाद बस्तर की संस्कृति मांदरी नाच और देशभक्ति गीतों के साथ डीजे की धुन पर दहीकोंगा से जुलूस उनके निवास स्थान भाखरा गांव तक पहुंचा। इस दौरान विभिन्न समाज के लोगों और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहीकोंगा के स्कूली बच्चों ने अलग–अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। नायक हीरा सिंह कोर्राम ने कहां की 19 वर्ष देश की सेवा करके जो सुख और आनंद की अनुभूति मिली है, वह कहीं और नहीं मिल सकती। मैं अपने जिलों के नौजवानों से आह्वान करता हूं कि सेना में भर्ती के लिए आगे आएं और देश की सेवा करें। रिटायर्ड फौजी ने बताया कि भारतीय थल सेना में 20 दिसम्बर 2004 को उनका सिलेक्शन हुआ था, उसके बाद उनकी ट्रेनिंग लखनऊ में हुई, ट्रेनिंग के बाद पहली पोस्टिंग कुपवाडा में हुई। इसके बाद अमृतसर, असम, मुंबई, श्रीनगर में उन्होंने अपनी सेवा प्रदान की और 31 दिसंबर 2023 को मध्यप्रदेश से सेवानिवृत हुआ।

#### अपनों से सम्मान पा कर निहाल हुआ फौजी

रिटायर्ड फौजी ने कहा कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव, जनप्रतिनिधियों और भाखरा ग्रामवासियों ने जो आज मुझे मान सम्मान दिया है, इसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा। और मैं भी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव से जुडकर समाज सेवा में अपना योगदान दूंगा । इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकडा, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सेवारत सैनिक घिनाराम नेताम, रविंद्र नेताम, अनिल यादव, लछीनदर, भारत कोर्राम, रामेश्वर, शीलूराम, मनीराम नेताम, जनपद उपाध्यक्ष मनोज सेठिया, सरपंच प्रेमसिह नेताम,जनपद सदस्य गुड्डन पोयाम, अय्यब हुसैन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहीकोंगा के शिक्षकगण एवं स्कूली बच्चे, भाखरा गांव के ग्रामवासी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रैली निकाल कर चालक संघ ने किया प्रदर्शन




**मद्देड़।** हिट एंड रन कानून को लेकर चालक संघ का प्रदर्शन जारी है। दूसरे दिन मंगलवार को चालक संघ ने जुलूस निकाल नारेबाजी कर रैली निकालकर नए कानून का विरोध किया। आपराधिक कानूनों में बदलाव की वजह से हिट एंड रन मामलों में सजा बढ़ गई है। जिससे देश भर में ट्रक चालकों व बस ऑपरेटरों का विरोध शुरू हो गया है। इस नए कानून के तहत फरार और घातक दुर्घटना की सूचना न देने पर चालकों को 10 साल तक की जेल हो सकती है। ट्रक व बस चालकों ने विरोध प्रदर्शन कर नए कानून के खिलाफ पुराने कानून को यथावत रखने की मांग की है। चालकों ने बताया कि नया कानून ट्रक व बस चालकों के खिलाफ बना है, यदि यह कानून लागू हो गया, तो वाहन चालक वाहन चलाने में संकोच करेंगे।

### आज से 5 जनवरी के मध्य होगा विशेष ग्राम सभा

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लंबित 18 लाख आवास स्वीकृति हेतु प्रथम मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है। जिला बीजापुर में आवास प्लस और पीडब्यूएल अंतर्गत सर्वेक्षित परिवारों की सूची उपलब्ध है तथा राज्य शासन द्वारा 3 से 5 जनवरी 2024 तक जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में योजनांतर्गत सर्वेक्षित सूची के पात्रता का निर्धारण किये जाने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने पत्र जारी करते हुए प्रसारित करने हेतु जनपदों को आदेशित किया है।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 से

**बीजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई-दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 जो है, अंतिम प्रकाशन मतदाता सूची के अनुसार होना है। मतदाता सूची का पूर्ण रूप से शुद्ध होना अति आवश्यक है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 से 22 जनवरी के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों के बूथलेवल अधिकारी एवं अविहित अधिकारियों के द्वारा मतदाताओं से दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।

# ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का दिखा असर

## नगर के पेट्रोल-पंपों में भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

हिट एंड रन कानून के विरोध में मालवाहक और यात्री वाहन चालकों की तीन दिनी राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को व्यापक असर देखा जा रहा है। जिसके कारण नगर के पेट्रोल पंपों पर सुबह से भारी भीड़ रही।

नगर के दोनों पेट्रोल पंप पर सुबह से लाइनें लगी हुई थी। दोपहर तक एक पेट्रोल पंप का ईंधन खत्म हो गया। जिससे दूसरे पेट्रोल पंप पर भार बढ़ गया और दिन भर लंबी कतार लगी रही। इसका असर स्कूलों पर भी दिखा। वहीं सब्जी मंडियों में इसका असर दिखा। मालवाहक गाडियां सब्जी बाजारों में नहीं पहुंची। हड़ताल से बस स्टैंड में सुबह से यात्री परेशान दिखे। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने सभी कलेक्टरों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून का जमकर विरोध हो रहा है।

कई संगठन इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। गौरतलब है कि हिट एंड रन के नए कानून के तहत केंद्र सरकार ने 10 साल की सजा एवं भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान लागू किया है। हड़ताल से लंबी दूरी के यात्री सबसे ज्यादा हलाकान दिखे।

## ड्राइवरों की हड़ताल से जिलेवासियों को नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



राज्य सहित जिले में ट्रक चालकों की हड़ताल को देखते हुए कलेक्टर हरिस. एस ने आज बैठक लेकर आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस जैसे आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिससे आवश्यक वस्तुओं की किल्लत नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल एक सप्ताह के लिए पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था है। इसके साथ ही अंतर्राज्यीय जिला और सीमावर्ती जिले से आने वाले आवश्यक वस्तु पुलिस प्रशासन की सुरक्षा में पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की सतत परिवहन एवं आपूर्ति हेतु सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिले में किसी भी आपातकालीन परिस्थिति उत्पन्न होने पर एसडीएम सुकमा प्रीति दुर्गम, एसडीएम कोंटा श्रीकांत कोर्राम और एसडीएम छिंदगढ़ प्रताप विजय खेस्स से संपर्क कर सकते है।

# स्कूल खुला पर शिक्षक व बच्चे नदारद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

स्कूल खुलने के बाद भी बच्चों व शिक्षकों के सिर से शीतकालीन छुट्टियों की खुमारी नहीं उतरी है। 1 जनवरी से स्कूल खुलने के बाद भी बच्चे व शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे। यह नजारा ब्लाक मुख्यालय में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला, जहां स्कूल खुलने के बाद भी शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत बच्चे नदारद रहे। जब ब्लाक मुख्यालय की यह स्थिति है, तो अंदरूनी स्कूलों का क्या हाल होगा विचारणीय है।

ब्लाक मुख्यालय में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपालपटनम में सोमवार लगभग 10.30 बजे स्कूल खुला रहा। इस समय सफाई महिला कर्मचारी स्कूल की सफाई कर बैठी रही। लेकिन स्कूल में न तो शिक्षक-शिक्षिकाएं थी और ना ही प्राचार्य, चपरासी व विद्यार्थी पहुंचे थे। सोशल मीडिया में तस्वीरें वायरल होने के बाद कुछ शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल पहुंचे थे। जब मुख्यालय स्थित स्कूल का ऐसा नजारा है, तो अंदरूनी क्षेत्रों में स्थित स्कूलों और आश्रम शालाओं का क्या होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस संबंध में जब खंड शिक्षाधिकारी कंडिक नारायण से पूछा तो उन्होंने कहा कि यह मामला उच्चाधिकारियों से संबंधित है। हम ना तो हस्तक्षेप कर सकते है और ना ही नोटिस जारी कर सकते है। हां अधिकारियों को इसकी जानकारी देंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण पहुंचे गीदम...



**गीदम।** प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार गीदम पहुंचने पर विधायक किरण देव का भाजपाइयों ने उनका आतिशबाजी, पुष्प वर्षा व ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद खुली जीप में सवार होकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने रैली की शक्ल में नगर में रोड शो किया। नगर पंचायत गीदम के सामने से लेकर हारम चौक तक जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पारंपरिक आदिवासी नर्तक दल भी मौजूद रहा। नगर के नगर पंचायत कार्यालय के सामने से स्वागत का जो क्रम प्रारंभ हुआ वो हारमपारा, कारली, भाजपा कार्यालय से आवराभाटा से लेकर गायत्री मंदिर तक चलता रहा। इस दौरान भाजपाइयों की बड़ी भीड़ जुटी थी। जिसमें भाजपा के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नए कानून के विरोध में चालक संघ ने किया धरना प्रदर्शन

## केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

तीन दिवसीय ब्रेक डाउन के दूसरे दिन मंगलवार को स्थानीय बस स्टैंड पर वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी की। विरोध में धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करते हुए वाहनों को रोकते रहे। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में आंदोलनकारी जमा हुए थे। धरना प्रदर्शन व जमकर नारे बाजी करते हुए नए कानून का विरोध किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में ज्ञापन के माध्यम से संघ द्वारा 1 जनवरी को बीजापुर बस स्टैंड से विरोध प्रदर्शन एवं तिरंगा यात्रा निकाला गया। 2 जनवरी को समस्त ड्राइवरों द्वारा स्टेरिंग छोड़ काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया व 3 जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

स्थानीय नए बस स्टैंड में ड्राईवरों को समर्थन देते हुए स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि आप लोग रोजमर्रा व जनता से जुड़े चीजों को लाने ले जाने का काम करते है। इस धरना प्रदर्शन से आप अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहे है। मैं विधायक होने के नाते अपना समर्थन देता हूं व सरकार से मांग करता हूं कि सभी ड्राइवर भाइयों के हित में कानून को वापस ले। इस कानून से आने वाले दिनों में हमारे गरीब ड्राइवर भाइयों को काफी परेशानी होगी। आने वाले समय में मैं और हमारे सभी साथी इस धरना प्रदर्शन को समर्थन देते हुए आपके साथ खड़े रहकर भागीदार रहेंगे।

विगत दिनों मोदी सरकार ने तीन नए कानूनों को पारित किया है। जिसमें ड्राइवरों पर कठोर कार्यवाही करने का प्रावधान, जिसके विरोध में ड्राइवर संघ बीजापुर विगत 1 जनवरी 2024 से तीन दिवसीय स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन कर रही है। इस धरना प्रदर्शन में संघ के तुलसीराम बघेल, राजू यादव, सदाशिव आलम, केशव झाड़ी, संतोष वर्मा, दिलीप जंगम, महेंद्र यादव, देवी प्रसाद वर्मा, मनोज वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## हिट एंड रन कानून, बस, ट्रक व टैंकरों के थमे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

हिट एंड रन के नए कानून को वापस लेने की मांग को लेकर वाहन चालकों की हड़ताल के चलते प्रदेशभर में 1 लाख से ज्यादा बस, ट्रक और टैंकर के पहिए थम गए हैं। इसका असर पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइन के रूप में दिखा। आज सुकमा बस स्टैंड में भी हड़ताल का खासा प्रभाव दिखाई दिया, जिसमें एक यात्री बस को नुकसान पहुंचा है। हालत यह है कि कई पंप बंद हो गए हैं या कई ड्राय हो गए हैं।

ड्राइवर चक्काजाम कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। दूसरे राज्यों से आ रहे वाहनों को भी रोककर आंदोलन में शामिल किया जा रहा है। चक्काजाम को हटाने में पुलिस के पसीने छूट जा रहे हैं। सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष कवासी हरीश ने बताया कि हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में ड्राइवर सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे है। उनके समर्थन में परिवहन संघ के 4200 ट्रकों का संचालन बंद रखा गया है,उन्होंने बताया कि नए कानून में बहुत सख्ती बरती गई है। इससे ड्राइवर के परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन के प्रकरण में ड्राइवरों को 10 साल कारावास और 7 लाख जुर्माना का प्रावधान किया गया है। हादसा होने के बाद ड्राइवर के पकड़े जाने पर जुर्म दर्ज होने पर सजा के साथ जुर्माना भी देना पड़ेगा। इस समय जमानती अपराध के तहत जुर्म दर्ज किया जाता है। पकड़े जाने पर 3 से 6 माह सजा, 10 हजार तक जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रावधान है।



- नए कानून से वर्ग विशेष को होने वाली तकलीफ को लेकर केंद्र सरकार को जल्द ही लेना होगा कोई उचित निर्णय : कवासी हरीश

बता दें कि केंद्र सरकार ने हाल ही में सड़क हादसों को रोकने के लिए हिट एंड रन कानून में बदलाव किया है। इस कानून के तहत हिट एंड रन मामले में चालकों के दोषी पाए जाने पर 10 साल का कारावास और 7 लाख रुपये जुर्माने के प्रावधान है। ट्रक, बस और ऑटो चालक इसी कानून के विरोध में हड़ताल पर उतर आए हैं,उनका कहना है कि ये कानून उनके शोषण करने हेतु बनाया गया है और स्थिति ऐसी रही तो हम अपना पेशा ही छोड़ देंगे। जिस प्रकार किसानों के लिए काला कानून बनाया गया था, उसी प्रकार यह भी कानून ड्राइवरों के हित में बिल्कुल भी नहीं है। केंद्र सरकार को इस कानून व्यवस्था में बदलाव कर ड्राइवरों की मांगों को ध्यान में रखते हुए बनाना चाहिए।

# 10 लाख का जुर्माना और 10 साल की सजा गरीबों पर अत्याचार: लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विपक्ष के सांसदों को सस्पेंड कर लाया गया काला कानून

विधायक लखेश्वर बघेल ने जारी बयान में कहा है कि हाल में ही केंद्र की मोदी सरकार ने वाहन चालकों के लिए जो कानून बनाया है वह पूरी तरह से जनविरोधी, चालक विरोधी और चालकों से उनका रोजगार छीनने वाला है। मोदी सरकार सत्ता के मद में चूर होकर जनविरोधी कानून बना रही है। अपने पूंजीपति मित्रों के इशारे पर किसानों के लिए बनाए गए तीन काले कानून जिसे करीब 650 किसानों की मौत के बाद वापस लेने के बाद हाल में ही करीब डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को सस्पेंड करने के बाद मोदी सरकार ने यह काला कानून संसद में लाया है ताकि लोकतंत्र के मंदिर में कोई इसका विरोध न कर सके। आटा, तेल, दाल और उड्डयन सेवा के बाद देश के पूंजीपतियों की नजर देश की सड़क परिवहन व्यवसाय पर है। जिससे करीब 22 करोड़ वाहन चालक और उनके परिवार का गुजर बसर होता है। इनमें से अधिकांश गरीबी तबके के हैं जिन्हें 10-12 हजार रुपये से ज्यादा मासिक मेहनताना भी नहीं मिलता। नये काले कानून के तहत दुर्घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार होने, घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाने पर चालकों पर दस लाख रुपये जुर्माना और दस साल की सजा का प्रावधान रखा गया है। यह गरीबों पर अत्याचार है क्योंकि वाहन चालकों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे दस लाख का जुर्माना भर सके। कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना करता नहीं तो दो साल की सजा को बढ़ाकर दस साल करना एक तरह से कानून का दुरुपयोग है। कांग्रेस पार्टी और सम्पूर्ण विपक्ष चालकों के खिलाफ लाए गए इस काले कानून का पुरजोर विरोध करेगी।



## कोण्टा, दोरनापाल में चालक संघ ने किया एनएच में प्रदर्शन

# चालकों के हड़ताल का दिखा व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

देश भर में यातायात परिवहन एवं ट्रक चालकों, टैक्सी चालकों के हिट एंड रन कानून का विरोध का असर कोण्टा नगर तथा दोरनापाल नगर में भी देखने को मिला।

चालकों के हड़ताल पर चले जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में चलने वाली सभी ट्रेवल्स के बसों के पहिए थम गए है। जिसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कोंटा नगर के अंतर्राज्यीय बस स्टैंड परिसर के ठीक सामने राज मार्ग पर बस चालकों व टैक्सी चालकों ने प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताया। वहीं दोरनापाल नगर में भी इस कानून का विरोध करते हुए चालक संघ दिखाई दिए। हालांकि कुछ टैक्सियां सुकमा से कोण्टा तक चलते हुए, लोकल स्तर के यात्री परिवहन करते दिखे। किंतु तीन राज्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व छत्तीसगढ की ओर परिवहन होने वाले बसों का संचालन पुरी तरह बंद दिखा।



चालकों ने अपना प्रदर्शन करते हुए तत्काल केंद्र सरकार को इस कानून को वापस लेने की मांग करते हुए विरोध जताते अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा है। चालकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन नजर बनाए हुए थी, और लंबे समय तक राज मार्ग को बाधित नहीं होने दिया। बावजूद इस कानून को लागू करने को लेकर वाहन चालकों में रोष व्याप्त है।

# शीतला माता मंदिर में हुआ सालाना जात्रा कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के शीतला माता मंदिर में वार्षिक जात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ब्लाक मुख्यालय के अलावा दंतेवाड़ा, बारसूर, समलूर, रोंजे, छिन्दनार, घोटपाल, कासोली, जैसे दूर-दराज इलाकों से भी लोग पहुंचे।

इस मेले में आस-पास के व्यापारी अपनी दुकान लगाते है, जिसमें ग्रामीण अपने जरूरत का सामान खरीदते है। परम्पराओं के चलते भी जात्रा में पहुंचने वाले लोग कुछ न कुछ सामान अवश्य खरीदते है। गौरतलब है कि बस्तर अंचल में जात्रा का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसमें ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ एकत्रित होते है और इन जात्राओं में क्षेत्र के विकास और खेती-बाड़ी में समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक माता के सम्मान में यह उत्सव शुरू किया गया था, जहां चेचक सहित अन्य बीमारियों से निदान की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है। मेले में पहुंचने वाले ग्रामीण माता के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करने के लिये चढ़ावा के रूप में नारियल, फल व अन्य चीजें माता को अर्पित करते है, और माता के प्रसाद को लोग अपने घर भी ले जाते है। गीदम ब्लाक में स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष मंगलवार को आयोजित होने वाली सालाना जात्रा का इस वर्ष भी बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। सुबह से ही माता मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। माता के दर्शन के लिये दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा।

**न्यायालय तहसीलदार, भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**// आम ईश्तहार //**

**वाद भूमि - वार्ड क्रमांक 15 भानुप्रतापपुर**

एतद द्वारा सर्व साधारण नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जा रहा है कि छ०ग० शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर, का पत्र क्रमांक एफ/4-07 / सात-1 / 2019 नया रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/09/2019 के तहत नगरीय क्षेत्रो में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, आबंटन करने तथा संबंधित से प्रीमियम / वार्षिक भू-भाटक निर्धारण कर वसूली किये जाने के निर्देश है। जिसके तहत ग्राम भानुप्रतापपुर के मोहल्ला वार्ड क्रमांक 15 पटवारी हल्का नम्बर 5 राजस्व निरीक्षक मण्डल भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ०ग० में स्थित नजूल मद की भूमि खसरा नम्बर 64 / 1 मे से क्षेत्रफल 105 वर्ग मीटर आवेदिका गंगा कोमरे पति स्व. लखनलाल कोमरे जाति गोड़ निवासी ग्राम भानुप्रतापपुर के द्वारा आवासीय / व्यवसायिक प्रयोजन हेतु उपयोग किया जा रहा है। प्रकरण गतिशील है।

अतः शासन के उक्त निर्देशानुसार अतिक्रामक को निर्धारित प्रीमियम / वार्षिक भू-भाटक लेकर पट्टा दिये जाने प्रस्तावित है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत तिथि 04/01/2024 को या इसके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### खरीदी केंद्र रानवाही में कंप्यूटर आपरेटर से मारपीट



**भानुप्रतापपुर।** धान खरीदी केंद्र रानवाही में कंप्यूटर ओपरेटर के साथ अज्ञात लोगों ने गाली गलौज एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी ताराचंद साहू पिता शिवनारायण साहू ग्राम रानवाही उम्र 23 वर्ष जो धान खरीदी केंद्र रानवाही में कंप्यूटर ओपरेटर के पद पर पदस्थ है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दर्ज कराया है कि एक जनवरी 2024 को रात लगभग 10 बजे के आसपास कुछ लोगों के द्वारा शराब पीकर धान खरीदी केंद्र में उसके साथ गालीगलौच कर मारपीट की गई। उक्त घटना का सीसीटीवी में फुटेज भी है। इसके पूर्व भी कई बार इस प्रकार कि घटना घटित हो चुकी है।

### 51 स्कूली बच्चों को सकुशल पहुंचाया गया परिजनों तक



**कांकेर।** वाहन चालकों द्वारा विगत दो दिनों से प्रदेशव्यापी हड़ताल कर वाहनों के आवागमन बंद करने के चलते 2 जनवरी को 51 स्कूली बच्चे जो एनसीसी कैंप कर अपने गृहग्राम केशकाल, कोंडागांव जाने में असमर्थ थे। इन कैडेट्स को कांकेर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूपुर उपाध्याय द्वारा वाहन की व्यवस्था कर इन बच्चों को कांकेर से उनके गृहग्राम केशकाल, कोंडागांव तक सकुशल परिजनों तक पहुंचाया गया।

### आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं को सुचारू बनाने कंट्रोल रूम स्थापित

**कांकेर।** पेट्रोल, डीजल एवं गैस एजेंसियों में फ्यूल एवं एलपीजी गैस प्रदाय करने वाले टैंकर संचालकों द्वारा शासन के हिट एंड रन मामले के नियम को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इस दौरान जिले में आवश्यक वस्तुओं की सतत आपूर्ति में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए जिला कार्यालय के निर्वाचन शाखा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07868241019 है। इसके साथ ही नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी खाद्य निरीक्षक उमेश कुमार सिन्हा, सहायक नोडल अधिकारी कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी रामाधार सिंह कमल एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक अभियंता क्रेडा रविन्द्र देवांगन के अलावा सहायक ग्रेड 03 हरिकांत व्यास, विशेष जायसवाल, कमलेश एक्का, सक्षम मण्डावी, अनुज साहू एवं मनीष राठौर की ड्यूटी लगाई गई है।

### संभाग के 6 सहायक ग्रेड-2 बने सहायक अधीक्षक

**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर संभाग के विभिन्न जिलों में पदस्थ 6 सहायक ग्रेड-2 को सहायक अधीक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नत करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन पदस्थापना दी गई है।

# अन्नपूर्णापारा में कैफे में शार्ट सर्किट से लगी आग, सिलेंडर फटने से और फैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय में अन्नपूर्णापारा में बीती रात को लगभग 10 बजे के आसपास एक कैफे में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग सिलेंडर तक पहुँच गई। सिलेंडर के फटने से दुकान में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। पटौद में 2 दिसंबर को एक ग्रामीण के घर के पीछे रखे पैरा में आग लग गई थी, फायर बिग्रेड मौके पर पहुँचकर आग को काबू में लिया।

जानकारी के अनुसार कैफे के संचालक ने बताया कि रात को 9 बजे बंद करके घर चला गया था वहीं रात 10 बजे फोन आया कि कैफे में आग लग गई। अन्नपूर्णापारा निवासियों ने आग की लपटों

**दुकान में रखा सामान जलकर हुआ खाक**



को देखकर बिजली विभाग के शिकायत वाले नंबर पर कांल करते रहे। परंतु काल लगातार व्यस्त बताता रहा वहीं फायर बिग्रेड का नंबर भी नहीं लग रहा था। इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई, कोतवाली पुलिस के फोन करने से फायर बिग्रेड आधा घंटे बाद साढ़े 10 बजे पहुँचा, तब तक आग की लपटें दुकान के अंदर बहुत बढ़ गई थी।

सिलेंडर फटने से आग तेजी से बढ़ गई और दुकान में रखे फ्रिज व फर्नीचर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। फायर बिग्रेड जब तक आग को काबू में लाती, तब तक दुकान पूरी तरह से जल गया था। कैफे के संचालक का कहना है कि पूरा सामान जलकर खाक हो गया, कितना नुकसान हुआ, यह नहीं बता पाया। पुलिस ने आगजनी के तहत कार्यवाही किया है। अन्नपूर्णापारावासियों में बिजली विभाग का मोबाईल नंबर लगातार व्यस्त होने के कारण नाराजगी भी देखने को मिली।

पटौद में एक किसान के घर के पीछे रखे पैरा में आग लगने की खबर मिलने पर फायर बिग्रेड टीम 11 बजे पटौद पहुँची और पैरा में लगी आग को काबू में पा लिया, जिससे किसान को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

## मांग : रावघाट का निजीकरण नहीं किया जाए, रायल्टी ग्रामसभा को दी

# वन विभाग ने रोका मजदूरी का 9 लाख, भुगतान पाने मजदूर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- एक साल से भटक रहे ग्रामीण

पूर्व वनमंडल अंतर्गत आने विभिन्न ग्रामों में वन विभाग ने मजदूरों से मजदूरी कार्य कराया। लेकिन उनकी मजदूरी का भुगतान एक वर्ष बाद भी नहीं दिया गया है।

मजदूरों के अनुसार उनकी मजदूरी का भुगतान लगभग 9 लाख रुपए है। इसकी शिकायत वन कार्यालय में कर चुके हैं। मंगलवार को ग्रामीण भानुप्रतापपुर पहुँचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया है कि ग्राम बेहासालेमाट भैंसगांव एवं फूलपाड आदि ग्राम में वन विभाग द्वारा करवाए काम का लगभग एक साल बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि गौठान निर्माण, इकोडेवलप मेट एवं रावघाट परियोजना में पेड़ कटाई रोड निर्माण एवं साफ- सफाई के राशि का मजदूरी भुगतान लगभग रकम 9 लाख रुपए नहीं किया गया है। इस विषय पर कई दफा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौखिक तौर पर भुगतान के लिए बोला गया है परन्तु अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### पेड़ काटने का किया विरोध



शिकायत लेकर पहुँचे ग्रामीणों ने बताया कि कांकेर जिले के रावघाट एरिया में पेड़ काटा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए पेड़ काटा जा रहा है। इसके लिए वन संसाधन समिति से अनुमति भी नहीं ली गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके विरोध में कलेक्टर से शिकायत की गई है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने शिकायत में लिखा है कि रावघाट परियोजना हमारे क्षेत्र का देवल स्थत है और परगन व्यवस्था के साथ ग्राम भैसगांव आतुरबेडा, बैहासालेभाट एवं फूलपाड़ का मांजी, पटेल, गायता एवं ग्रामवासियों को राज्य शासन द्वारा वन संसाधन अधिकार पत्र दिया गया है। जिससे क्षेत्र के हम आदिवासियों का जीवकोर्पाजन होता है। परन्तु वन संसाधन अधिकार पत्र की प्राप्त होने के बाद भी हम क्षेत्र के ग्रामीणों से बगैर सहमति के परियोजना में पेड़ कटाई एवं खनन का कार्य भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा करवाने की कोशिश की जा रही है।

### नहीं हुआ होगा तो करेंगे पेड़ काटने की है अनुमति

डीएफओ जाधव श्री कृष्णा ने बताया मजदूरों की शिकायत मिली है, जांच चल रही है। जांच पूर्ण होने के बाद उन्हें अगर मजदूरी राशि नहीं मिली होगी तो भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने के संबंध में पहले ही उन लोगों से अनुमति ली गई है। इसके बाद ही पेड़ कटाई प्रारंभ की गई है। पेड़ काटने का कार्य बहुत पहले से किया जा रहा है। बीच मे कुछ कारणों से बंद था।

### रावघाट क्षेत्रवासियों की अन्य मांगे

ग्रामीणों ने कहा कि हम शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि विधानसभा क्षेत्र मुख्य क्षेत्रीय मुद्दा,रावघाट माइन्स में ग्रामसभा की पहली प्राथमिकता, रावघाट माइन्स में निजीकरण नहीं होना चाहिए। भिलाई स्टील प्लांट एप्लाई बनाया जाय। स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरी एवं बीएसपी एमालार,पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाए। पेड़ की कटाई पर उतने ही पौधे उस क्षेत्र में लगाएं जाएं। इस माइन्स की रायल्टी समिति को दी जाए। रावघाट माइन्स के अन्तर्गत इस क्षेत्र के बेरोजगारों को पहले प्राथमिकता दी जाए। क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, रोड की व्यवस्था की जाय। रावघाट माइन्स यहाँ की समिति के नियंत्रण में रहे। रावघाट क्षेत्र के सभी वन ग्रागों को राजस्व बनाया जाए,रावघाट माइन्स खुलने से पहले इस क्षेत्र की कृषि एवं गांवों को सुरक्षित किया जाए।

# सीमा सुरक्षा बल ने लगाया हेथले में चिकित्सा जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



- स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को बांटा जरुरत का सामान

कमांडेंट 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की अगुवाई में सीओबी सुरेली द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्राम हेथले के प्राथमिक स्कूल में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को बांटे जरूरत के सामान व साथ में लगाया चिकित्सा जांच शिविर। इस कार्यक्रम में सी. ओ. बी. हेथले के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया। साथ में प्राथमिक स्कूल में ग्रामीणों की चिकित्सक जांच कर उनको दवाइयां भी वितरण किया। प्रोग्राम में सीओबी सुरेली के क्षेत्र में फैज़ अहमद खान (एसएमओ), इंस्पेक्टर कुशाल राभा, लक्ष्मण दर्रो (वार्ड पंच हेटली), निर्मला दर्रो (हेड मास्टर हेटली प्राइमरी स्कूल), येवेद कोमरा (शिक्षक), सोनसाई गावडे (पटेल) व प्राथमिक स्कूल के बच्चे भी उपस्थित रहे।

### धारदार हथियार से युवक पर हमला

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नयापारा निवासी 23 वर्षीय सुर्यांश नेताम पिता जोहरूराम ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे राम सेवक दुग्गा के घर पास आरोपी श्यामनगर निवासी राहुल यादव पिता टिकेश्वर और टिकेश्वर यादव ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट किया है। आरोपी द्वारा धारदार हथियार से हमला करने के कारण सिर में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## ड्रोन प्रदर्शन बना आकर्षण का केन्द्र



**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लगातार विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक के माध्यम से खेती के पद्धति में बदलाव लाने के उद्देश्य से जिले में ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस संकल्प यात्रा में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया, डीएपी छिड़काव के प्रदर्शन को देखने के लिए किसानों में भारी उत्साह है और कृषकों के मध्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

कृषि के उप संचालक एनके नागेश ने बताया कि विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम डूमरपानी में विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में ड्रोन प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में क्रमशः कुरिष्टीकुर, मांदरी, चबेला, किरगोली, पेटोली, रतेसरा, जैसाकर्रा तथा ग्राम किरगोली में सांसद मोहन मंडावी के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन करके बताया गया। फसलों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया, डीएपी, कीटनाशक तथा फफूंदनाशक दवा का छिड़काव आसानी से किया जा सकता है। ड्रोन से पारंपरिक विधियों की तुलना में कम समय में अधिक क्षेत्र में ड्रोन से खाद, दवा का छिड़काव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह हवा में प्रदूषण कमी के साथ-साथ मृदा एवं पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। इसके उपयोग से फसलों को उर्वरक व दवाई समान रूप से छिड़काव होता है। आधुनिक कृषि युग में नवीन तकनीकी का उपयोग करने के लिए शासन द्वारा निरन्तर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत किसानों को ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रदर्शन के माध्यम से खेती किसानी में ड्रोन पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आधुनिक कृषि तकनीकी के रूप में ड्रोन तकनीक के उपयोग का उद्देश्य कीटनाशकों और उर्वरक के छिड़काव के माध्यम से उत्पादन को अधिक कुशल बनाना है।

## छात्र- छात्राएं इंटर्नशिप में जान रहे वाहनों के बारे में, सीख रहे बारिकियां



- विद्यार्थियों की 10 दिवसीय शीतकालीन इंटर्नशिप

**भानुप्रतापपुर।** शाउमा विद्यालय भानबेड़ा में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कमर्शियल ट्रेड ऑटोमोबाइल में अध्ययनरत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय शीतकालीन इंटर्नशिप का आयोजन किया जा रहा है। इंटर्नशिप का उद्देश्य छात्रों को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सर्विसिंग के कामकाज को बेहतर ढंग से समझने के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। ऑटोमोबाइल ट्रेड के वोकेशनल इंस्ट्रक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस इंटर्नशिप में 11वीं और 12वीं कक्षा के 41 विद्यार्थी विभिन्न

सर्विस सेंटर में काम करेंगे। काम करने वालों में 14 छात्राएं भी शामिल हैं। इंटर्नशिप में उन्हें सर्विसिंग के काम के साथ-साथ विभिन्न मशीनों और उपकरणों को समझने और उन पर काम करने का मौका मिल रहा है। छात्र सामान्य वे सर्विसिंग, इंजन रिपेयर और वाहनों में विभिन्न नई तकनीकें, धुलाई आदि जैसे कार्य सीख रहे हैं। जिससे छात्रों का गैर-व्यावहारिक ज्ञान बढ़ेगा और वे बेहतर निर्माण करने में सक्षम होंगे। स्वयं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर। इंटर्नशिप के बाद छात्रों को स्कूल स्तर पर एक सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा. विद्यालय के प्राचार्य एल. मिंज के मार्गदर्शन में ऑटोमोबाइल छात्रों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान के लिए समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान, ऑन जॉब प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप दी जा रही है, ताकि छात्रों में इसके बारे में ज्ञान विकसित हो सके विषय दिलचस्पी बढ़ी है।

# स्वयंसेवकों ने निकाली प्रभातफेरी रैली, ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ विधिवत समापन
- नशा मुक्ति के लिए युवा थीम' पर आधारित रहा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम दाबकट्टा में लगाया गया था। जिसका विधिवत ध्वज अवतलन कर आज समापन किया गया। सरपंच देवझर नुरेटी की अध्यक्षता में समापन की कार्रवाई की गई। मौके पर वरिष्ठ नागरिक एवं ग्राम पटेल शामसाय नुरेटी, लतखोर यादव, पुहूप लाल चनाप, आत्मा राम मंडावी,हालालू राम कवडे,समारु राम सलाम, संस्था के प्राचार्य होमन लाल देशमुख, शिक्षक अंकुर साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी सहदेव राम साहू के अनुसार यह शिविर 'नशामुक्ति के लिए युवा थीम' पर आधारित रहा शिविर दिनचर्या के आधार पर प्रतिदिन शिविरार्थियों द्वारा गांव में विभिन्न मुद्दों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके अलावा



रैली, प्रभातफेरी, सफाई, शौचालय परीक्षण, सर्वे, शिक्षण, खेल एवं अन्य कार्य सम्पादित किया जाता था। उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यों का मॉनिटरिंग पोषक इकाई शहीद महेंद्र कर्मा विश्वद्यालय जगदलपुर द्वारा किया गया।

वहीं कार्यक्रम समन्वयक डा. डी. एल. पटेल एवं जिला संगठक रितेश कुमार नाग का मार्गदर्शन नियमित रूप से प्राप्त हुआ। बौद्धिक परिचर्चा के दौरान विभागवार अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही, वहीं समाजसेवियों का सहयोग प्राप्त हुआ। जिनमें प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी, सुनील बबला पाढ़ी, मनीष टेम्पा योगी, सुना राम तेता, शोभित राम आँचला,गैंद सिंह हिड़को सरपंच ग्राम पंचायत ईरागाव, प्रकाशचंद कांगे,डा. किरण साहसी, एच. सी डे,पीताम्बर पडोती, जीतेन्द्र नायक, योगेंद्र साहू, अनेसिंह नुरेटी, ललित कोरेटी,सिरोजा,आदि ने शिविर प्रतिभागियों व ग्रामीणों को प्रेरित किया। इसके अलावा शिविरर्थियों के पालकों का भी सहयोग समय- समय पर मिलता रहा। दाबकट्टा का यह शिविर बच्चों के लिए उपयोगी एवं रोचक रहा। जीवन शैली में बदलाव के लिए बेहद जरुरी साबित होगा। शिविर में कुल 60 प्रतिभागी भाग लिए। समापन के अंतिम संध्या डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें शिविरार्थियों ने भाग लेकर द्वितीय एवं पंचम स्थान बनाकर सफलतम शिविर संचालन की पहचान बनाई।

### इनका रहा सहयोग

विशेष सहयोगी के रूप में स्वसहायता समूह की ग्रामीणमहिलाएँ युवक मंडल युवती मंडल के जवान नियमित खड़े रहे। साथ ही वरिष्ठ स्वयं सेवक मोहनीश नेताम, लालचंद चा- लकी, युवराज टांडिया, गोपाल कडियाम, धर्मेंद्र टांडिया, धीरज कडियाम, प्रतिमा गावड़े, ऋचा, तनिषा वट्टी आदि के सहयोग से शिविर सफल मुकाम तक पहुंच पाया।

## समर्थन करने पहुंचीं विधायक सावित्री मंडावी

# नए हिट एंड रन कानून का विरोध, ड्राइवरों का प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

लोकसभा में तीन कानून पास हुए है इसमे एक हिट एंड रन कानून में सजा में बदलाव किया गया जिसमें कोई ड्राइवर एक्सीडेंट कर अगर मौके से भागता है तो ऐसी स्थिति में 10 साल तक की सजा या 10 लाख का जुर्माने का प्रावधान होगा। भानुप्रतापपुर में ड्राइवरों ने कानून के विरोध में स्टेरिंग छोड़कर आंदोलन कर रहे हैं। यात्री वाहन एवं ट्रक लगभग पूर्णतः बंद है। इस वजह से यात्रियों को बेहद परेशानी हो रही है। मंगलवार को भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर ड्रायवरों ने धरना प्रदर्शन भी किया। इनके समर्थन में विधायक सावित्री मंडावी भी पहुँची उन्होंने धरना स्थल में पहुँचकर उनकी मांगों जायज ठहराया। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस काले कानून को निरस्त कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस दिन से भारत सरकार द्वारा संसद में इस कानून को स्वीकृत कराया गया है। उसी दिन से वाहन चालकों में घोर निराशा बनी हुई है। इस काले कानून के कारण ड्राइवरों का जीवन संकट में पड़ जाएगा, क्योंकि किसी भी वाहन दुर्घटना में निर्दोष होते हुए भी उसे दोषसिद्ध कर दिया जाएगा। ऐसे में परिवार में रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा तथा वाहन चालक के परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठाकुर,हितेश तिवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### कानून के समर्थन एक व्यपारी ने लगा दिया पोस्टर हुआ बवाल

भानुप्रतापपुर में प्रदर्शन कर रहे लोगों के सामने मुख्य चौक पर भानुप्रतापपुर के एक होटल संचालक इस कानून के समर्थन करते हुए पोस्टर लगा दिया। जिसे देख प्रदर्शन कर लोगों में आक्रोश बढ़ गया और बवाल खड़ा हो गया। इसी बीच बड़ी संख्या में पुलिस बल भी पहुँच गया, तब मामला शांत हुआ।

### जल्द से जल्द नए हिट एंड रन कानून को निरस्त करने की मांग

भानुप्रतापपुर के कुछ गाड़ी मालिकों ने बताया कि नए कानून में मिलने वाली सजा के डर से ड्राइवर काम छोड़कर जा रहे है। जिससे गाड़ी मालिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी ड्राइवर जानबूझकर किसी का एक्सीडेंट नहीं करता है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि इस कानून पर पुनः विचार कर निरस्त किया जाए।





